हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


14 छठ पर्व के तीसरे दिन की तैयारी जारी विधायक...




14 धान खरीदी अब 17 नवंबर से होगी किसानों ...





**कामयाबी : दोनों कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का खुलासा शीघ्र**

# कुएमारी एवं किसकोड़ो एरिया कमेटी खत्म जिले का आधे से ज्यादा जंगल हुआ आजाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कुएमारी एंव किसकोड़ो एरिया कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य हथियार लेकर कांकेर पुलिस के पास पहुँच गए है।

■ आत्मसमर्पण की घोषणा संभवत: खुलासे के बाद होगी

कांकेर पुलिस इनसे चर्चा करने में दोपहर से लगी हुई है और सभी के पदनाम के अनुसार सूची तैयार की जा रही है। पुलिस एक से दो दिन के अंदर दोनो कमेटी के आने वाले पदाधिकारी एवं सदस्यों का खुलासा करेगी, खुलासा के दौरान ही आत्मसमर्पण की घोषणा हो सकती है। जिले का आधा से ज्यादा जंगल अब आजाद हो गया है। कुएमारी एरिया कमेटी का कार्यक्षेत्र आमाबेड़ा और कांकेर थाना के अंतर्गत आने वाले गांव आते है। कुएमारी एरिया कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य पुलिस के पास आ जाने से यह क्षेत्र अब आजाद हो गया। इन क्षेत्रो में जाने के लिए लोगों को जिस तरह से डर बना रहता था, वो अब डर खत्म हो जाएगा। मलाजकुड़ुम से आमाबेड़ा तक आने जाने में लोगों में सदैव डर बना रहता था, परंतु कुएमारी कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों के पुलिस के पास आ जाने से इस क्षेत्र में विकास के कार्य ज्यादा से ज्यादा शुरू हो जाएंगे। इस इलाके के नक्सलियों के खत्म हो जाने के उपरांत इस ▶▶| शेष पेज 12 पर





### पुलिस तैयार कर रही खाका

पुलिस के पास आने वाले कुएमारी एवं किसकोड़ो एरिया के पदधिकारी एवं सदस्यों का कांकेर पुलिस खाका तैयार करना शुरू कर दिया है और संगठन में किस तरह के बदलाव हुए है, यह भी पतासाजी पुलिस करेगी। यह भी चर्चा था कि दोनो कमेटी को मिलाकर केके डिवीजन बना दिया गया था, जिसके चलते यह एक साथ रहने लगे थे। नक्सलियों के समर्पण या इनकाउंटर में मारे जाने के बाद दोनो कमेटी को मिलाकर डिवीजन बना दिया गया था। पुलिस के पूछताछ के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा।

### सरकार को उठाना होगा बड़ा कदम

कुएमारी एवं किसकोड़ो एरिया कमेटियों के नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण एक ऐसा संकेत चिह्न है जो जंगल-क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे भय-विकास - संकल्प को बदलने की क्षमता रखता है। यदि इसे सही दिशा में विकसित किया जाए, तो जंगलों में सुरक्षा-वातावरण सुधर सकता है, विकास-क्रियाएँ अधिक प्रभावी हो सकती हैं, तथा आदिवासी-वनवासी समुदायों के लिए जीवन-मान बेहतर हो सकता है। परंतु यह तब तक पूर्ण रूप से सफल नहीं होगा जब तक जंगल-क्षेत्र में सिर्फ समर्पण तक सीमित नहीं रह जाता, उसे सतत सुरक्षा, सामाजिक पुनर्स्थापना, विकास-नियोजन एवं पर्यावरण-संतुलन के साथ जोड़ा जाना होगा। सरकार को इसके लिए बड़ा और कड़ा कदम उठाना पड़ेगा।

### ग्रामीणों की अभी नहीं आ रही प्रतिकियाएं

कुएमारी और किसकोड़ो एरिया कमेटी के प्रभावित इलाका के ग्रामीणों से इस मुद्दे पर हरिभूमि ने चर्चा करने का प्रयास किया कि अब क्या होगा, इस पर ग्रामीण अभी मौन साधे हुए है। ग्रामीण अभी किसी भी तरह की प्रतिकिया देने से बच रहे है। समर्पण के एक से दो माह बाद ही ग्रामीण सामने आएंगे, तब अपने विचार रख पाएंगे। जिले के अधिकतम ग्रामीण नक्सलियों के पक्षधर नहीं है और मजबूरी में उनका साथ देते आ रहे है, ऐसी भी गांव में चर्चाएं होती रही है।

### ग्रामीण देखते रहे, नहीं दिखा डर

नक्सली नदी पार करके पुलिस के पास जब जा रहे थे, सड़क किनारे खड़े गांव के लोग जा रहे नक्सलियों को देख रहे थे, इन ग्रामीणों में किसी भी तरह का कोई डर भी नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों के अलावा छोटे-छोटे बच्चे भी नक्सलियों को देखने के लिए सड़क किनारे खड़े हुए नजर आएं।

**खबर संक्षेप**



## खेत में मिला सात फीट लंबा अजगर

**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोंदल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बरगांव (हाटकोंदल) में रविवार दोपहर लगभग 1 बजे किसान भगवत टेकाम के खेत में 7 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखकर आसपास के ग्रामीणों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया। किसान भागवत टेकाम ने साहस दिखाते हुए अजगर को पकड़ने का प्रयास किया। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ा। बताया गया कि अजगर का वजन लगभग 15 किलोग्राम था। किसान ने बताया कि अजगर को किसी प्रकार की हानि पहुँचाए बिना सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने किसान के इस साहसिक कदम की सराहना किया।

## प्रशिक्षण शिविर में जिले के प्रशिक्षक हुए शामिल



**कांकेर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्यालय द्वारा संभाग स्तरीय एडवांस रोवर स्काउट लीडर, गाइड केप्टिन, रेंजर लीडर, स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बस्तर के पीएमश्री शाउमावि लोहाण्डीगुढ़ा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बस्तर संभाग के सात व सरगुजा जिला मिलाकर कुल 56 शिक्षक शिक्षिकाओं ने एडवांस स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन रोवर स्काउट लीडर रेंजर लीडर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## सर्पदंश से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत 35 वर्षीय कमलेश सलाम को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी 12 सितंबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए पखांजुर के अस्पताल में ले गए, लेकिन उसकी जान नही बच पाई। पखांजुर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बड़गांव थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## फांसी लगाने से युवती की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल पखांजुर में इलाज के लिए ले गए 18 वर्षीय प्रभा कुमेटी का 24 अक्टूबर को मौत हो गया। अस्पताल के बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने फांसी लगा लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। फांसी लगाने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## गोपाष्टमी एवं अहीर नृत्य महोत्सव 2 को मनाएंगे

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हाटकोंदल में ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी एवं अहिर नृत्य सौर्य प्रदर्शन महोत्सव का आयोजन 2 नवंबर रविवार को स्कूल मैदान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उदघाटन दोपहर 12 बजें यादव सामाजिक भवन दुर्गुकोंदल में और यादव सामाजिक भवन हाटकोंदल में दोपहर डेढ़ बजें किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से विधायक सावित्री मंडावी व अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यादव समाज सुदामा यादव करेंगे।

## सात दिनी श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ में निकाली कलशयात्रा



**पखांजुर।** कालीपूजा के पावन अवसर पर नगर पंचायत पखांजुर के वार्ड क्रमांक 11 पीव्ही 55, पम्प क्रमांक 2 में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ है। कार्यक्रम की शुरूआ रविवार को सुबह 9 बजें कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलय यात्रा पखांजुर शहर का भ्रमण कर पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया। कलश यात्रा में क्षेत्र की माताएं और बहनें बड़ी संख्या में शामिल हुईं। सभी ने एक साथ पैदल चलकर कलश में पवित्र जल भरकर, उसे पूरे सम्मान के साथ कथा स्थल तक पहुंचाया। यह दृश्य क्षेत्रवासियों की श्रद्धा और आस्था को दर्शाता है। भागवत कथा का वाचन क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक बंकिम महाराज करेंगे, जिनके प्रवचनों का लाभ सात दिनों तक धर्मप्रेमी श्रोतागण लेंगे। समिति द्वारा कथा के सफल आयोजन के लिए शंकर सरकार को अध्यक्ष बनाया गया है। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में वार्ड के समस्त निवासी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भागवत कथा समिति के सदस्यों में प्रमुख रूप से हरी साहा, गणेश दास, निताई दत्ता, बिस्वजीत घोष, बाबलू सरकार, लख्खी साहा, गौतम पाल, समीर पाल, मुकुल पाल, सुजीत दास, पार्षद कमलेश पटेल, कमलेश हालदार, पीयूष दास, बिष्णु पद वैध, स्वपन दास, कार्तिक दास सुखलाल दास सहित समस्त वार्डवासी शामिल हैं।

## धर्मांतरण के विरोध में सर्वहिंदू समाज ने निकाली रैली और दिया अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोरर में धर्मांतरण के विरोध में सर्व हिंदू समाज ने रविवार 26 अक्टूबर को प्रदर्शन किया। वन विश्राम गृह से शुरू हुई रैली कोरर थाना के सामने संचालित अवैध चर्च तक पहुंची। प्रदर्शनकारियों ने धर्मांतरण विरोधी नारे लगाए और कलेक्टर के नाम कांकेर एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में सर्व हिंदू समाज के लोगों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहें। व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

सर्व हिंदू समाज के बैनर पर कोरर में एकत्र हुए सनातनियों का कहना था कि धर्मातरित ईसाई एक निजी मकान में एकत्र होकर धर्मातरण का काम कर रहे थे, जिसका विरोध करने हम लोग पहुँचे थे। कई बार समझाईश देने के बाद नहीं सुधरे, तब यह कदम उठाना पड़ा। सर्व हिंदू समाज के लोगों ने कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि कोरर थाना के सामने अवैध रूप से संचालित प्रार्थना घर को तुरंत बंद किया जाए, सर्व हिंदू समाज के लोगों ने कांकेर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपते हुए 7 दिनों के भीतर कार्यवाही की मांग किया है, अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो सर्व हिंदू समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, इसके जिम्मेदार शासन प्रशासन स्वयं होगा। समाज के लोगों का मानना है कि धर्म के गैरकानूनी परिवर्तन पर प्रतिबंधः अत्यंत आवश्यक है। किसी व्यक्ति को दूसरे धर्म में परिवर्तित करने पर प्रतिबंध लगाना होगा। गलत बयानी, बल, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, प्रलोभन, किसी भी धोखाधड़ी के माध्यम से या विवाह द्वारा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खाना खाने की बात पर विवाद, महिला पर रॉड से हमला, दो पर मामला दर्ज

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत ग्राम खड़गांव में खाना निकालने की बात को लेकर महिला के साथ विवाद हो गया। महिला ने अपनी मां को पूजा करने के बाद खाना खाने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर परिवार के अन्य लोगो ने महिला के साथ मारपीट किया व रॉड से हमला कर जान से मारने की धमकी दिया।

अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंची 40 वर्षीय बैसाकिन बाई दुग्गा पति स्व. सुरेश दुग्गा ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को शाम करीबन 5 बजें मैं घर में खाना बना रही थी। तभी मैं मां कारी बाई को कहा कि खाना अभी से क्यों निकाल रही है, बड़े भैय्या प्रेम सलाम लोग आऐंगे तब पूजा करके खिचड़ी खिलाऐंगे। इसी बात को लेकर मेरे चाचा का लड़का मुरहाराम सलाम एवं राजो बाई सलाम कहने लगे कि तू ऐसा बोलने वाली कौन होती है कहते हुए रॉड व हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए घर के बाहर भी गाली दे रहे थे। घटना से मैं काफी डरी हुई हुं। मैने उनसे जानना चाहा कि मेरी कहाँ पर गल्ती है, परंतु वे सभी आक्रोश में आकर मारपीट पर उतारू हो गए। मैं चाचा के लड़के के इस व्यवहार से पूरी तरह से डरी हुई हूँ और मुझे डर है कि मेरे साथ किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मुरहा राम सलाम व राजो बाई सलाम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।




## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन जरूरी किसानों को 31 तक दिया अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले किसानों के लिए एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। शासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की अवधि एक माह तक बढ़ा दी गई थी, फिर भी जिले और ब्लॉक क्षेत्र के अनेक किसान अब तक पंजीयन नहीं करा पाए हैं। अब पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। कृषि विभाग एवं सहकारी संस्थाओं के अधिकारियों ने बताया कि जिन किसानों ने अभी तक पोर्टल पर पंजीयन नहीं कराया है, वे निर्धारित समयावधि में अपने संबंधित सहकारी समिति या लेंपस केंद्र में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन प्रक्रिया पूरी करें। यह पंजीयन धान खरीदी, बोनस भुगतान, बीमा एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। दुर्गुकोंदल विकासखंड अंतर्गत सहकारी समिति दुर्गूकोंदल, कोड़ेकुर्से, लोहत्तर, कोदापाखा, चिखली, दमकसा एवं हाटकोंदल के लेंपस प्रबंधकों ने किसानों से अव्हान किया कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र अपने पंजीयन कार्य को पूर्ण करें। कई किसान दस्तावेजों की त्रुटियों या ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में पिछली बार पंजीयन से वंचित रह गए थे, जिसके कारण उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया। समितियों के प्रबंधकों ने कहा कि पंजीयन ▶▶| शेष पेज 12 पर

## मारपीट से किलेपारा का युवक गंभीर, दबंगों पर मामला दर्ज

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम हराडुला में रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए गए युवक के साथ गांव के अन्य लोगो ने मिलकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट से युवक घायल हो गया व उसका चेहरा सूज गया। घायल युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। हल्बा चौकी में शिकायत करने पहुंचे ग्राम किलेपार निवासी 24 वर्षीय लेखराम मंडावी पिता स्व. प्रताप राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर की रात 10 बजें के आसपास मैं अपने घर किलेपार से ग्राम हराडुला में भाई दूज के अवसर पर सांस्कृतिक प्रोग्राम देखने गया था। रात करीबन साढ़े 11 बजें मैं हराडुला में सुखनंदन साहू के दुकान के पास अकेला बैठा था, तभी ग्राम ▶▶| शेष पेज 12 पर



## मुख्य सड़क जर्जर, धान खरीदी से पूर्व मरम्मत की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

ग्राम पंचायत पित्तेभोड़िया के आश्रित ग्राम पीवी 118 रतनपुर को चाणक्यपुरी धान खरीदी केंद्र और पखांजुर शहर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। लगभग दो किलोमीटर के इस महत्वपूर्ण मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है।

बारिश के कारण यह सड़क कीचड़ और गड्ढों से भर जाती है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है। धान खरीदी का सीजन नजदीक है और किसानों को इसी बदहाल रास्ते से होकर चाणक्यपुरी स्थित धान खरीदी केंद्र तक अपना अनाज ले जाना पड़ता है। हर साल सड़क की खस्ताहाली की वजह से किसानों को धान परिवहन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। स्थानीय ग्रामीण मनोज दास, गोपाल ब्रह्मचारी, राजू नेताम, बनकेश मंडल, राजेश, आशीष ने जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और इस मार्ग को पक्की सड़क में बदलने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों के लिए जीवनरेखा है और इसकी तत्काल मरम्मत न होने पर धान खरीदी के दौरान किसानों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाई है कि उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जाए।

**जिले के लाखों नागरिकों में हुआ उत्साह और सदभावना का संचार**

# पीएम के मन की बात ने किया जागरूक एवं प्रेरक कार्यों से जुड़ने का मिला संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ नए बस स्टैंड में विधायक आशाराम सहित बड़ी संख्या में सुनी मन की बात कहा

26 अक्टूबर की सुबह 11 बजे कांकेर जिले के नए बस स्टैंड परिसर में एक प्रेरणादायक और जन-जागरूकता से भरा माहौल देखने को मिला। कारण था देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण आयोजन। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि मन की बात केवल प्रधानमंत्री का संवाद नहीं, बल्कि यह देश के करोड़ों नागरिकों की भावनाओं और प्रेरक कार्यों को जोड़ने वाला सेतु है।

मन की बात सुनने को लेकर नए बस स्टैंड में कांकेर विधायक आशाराम नेताम, वरिष्ठ भाजपा नेता व अपैक्स बैंक के पूर्व चेयरमेन महावीर सिंह राठौर, मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा एवं जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक अपने समर्थकों और नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री का मासिक संवाद सुना। यह आयोजन न केवल मन की बात सुनने तक सीमित रहा, बल्कि इसे समाज में सकारात्मक सोच, एकता और विकास की दिशा में आगे बढ़ने का मंच भी बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम का 127वां ▶▶| शेष पेज 12 पर





### जनता और जनसेवक के बीच का संवाद का सेतु है

विधायक आशाराम नेताम स्वयं समय से पहले पहुंचे और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और जनसेवक के बीच संवाद का सेतु है। हमें गर्व है कि आज पूरा देश एक साथ प्रधानमंत्री की बात सुनता है, और हम सब उसी भावना से यहां एकत्र हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

## स्कूल की बाउंड्रीवॉल में गेट नहीं होने से बच्चों की सुरक्षा खतरे में



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड के ग्राम पंचायत उडियापाल में प्राथमिक शाला तलपारा और आंगनबाड़ी भवन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दोनों संस्थान एक ही बाउंड्री में होने के बावजूद पिछले 5 वर्षों से बाउंड्री वॉल में गेट नहीं लगाया गया है जिससे छोटे-छोटे बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। जानकारी के अनुसार बाउंड्री वॉल के निर्माण में गेट के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद आज तक गेट नहीं लगाया गया है। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा कई बार ग्राम पंचायत को इस गंभीर समस्या की सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकाला गया। गेट न होने के कारण बच्चे स्कूल परिसर से बाहर सड़क पर खेलने चले जाते हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सामने से गुजरने वाली सड़क पर वाहनों की आवाजाही रहती है।

## मड़ई देखने गए युवक की चाकू मारकर हत्या

**धमतरी।** मड़ई घूमने गए युवक की आधी रात को गांव की बीच बस्ती में अज्ञात हमलावरों ने धारदार चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम झुरातराई निवासी भानुप्रताप मंडावी पिता रामदयाल उम्र 24 वर्ष धमतरी के गोकुलपुर में स्थित आटा चक्की में काम करता था। युवक रजिस्ट्रार आफिस के पास आटा चक्की संचालक की डेयरी में अन्य लड़कों के साथ रहता था। खाना आटा चक्की के संचालक के घर खाता था। युवक दीपावली के दिन 20 अक्टूबर को त्योहार मनाने अपने घर झुरातराई चला गया। युवक ने 23 अक्टूबर को काम पर लौट आने की बात आटा चक्की के मालिक को बताया था। 23 अक्टूबर को भानुप्रताप काम पर वापस धमतरी जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वह आटा चक्की नहीं पहुंचा। मालिक ने युवक से फोन पर बात की। युवक ने अपने ससुराल बोरसी जाना बताया। 24 अक्टूबर को फोन करने पर भानुप्रताप ने ग्राम माकरदोना की मड़ई देखने जाने की बात कहते हुए 25 अक्टूबर को काम पर पहुंच जाना बताया।


मौसम : बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान के प्रभाव से गिरने की संभावना

# बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान, आज से भारी बारिश की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान के प्रभाव से 27 अक्टूबर से जिले के कई हिस्सों में तेज और लगातार वर्षा होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। यह वर्षा पहले हल्की से मध्यम स्तर की होगी। लेकिन 28-29 अक्टूबर को तूफानी हवाओं के साथ भारी से अतिभारी वर्षा का क्रम शुरू हो सकता है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस अवधि में दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में आंधी, बिजली चमक और मेघ गर्जन के साथ तेज बारिश होगी। मौसम विभाग रायपुर की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहा डिप्रेशन अगले 48 घंटों में गहरे डिप्रेशन में तब्दील हो सकता है। उसके बाद यह चक्रवाती तूफान के रूप में बदल सकता है। यह सिस्टम पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए 28 अक्टूबर की रात तक आंध्रप्रदेश के मछलीपट्टनम और काकीनाडा के बीच तट से टकराने की संभावना है। इस दौरान हवाओं की रफ्तार 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुँच सकती है। राज्य में इसका असर 27 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। पहले हल्की-फुल्की बारिश से मौसम बदलना शुरू होगा, फिर 28 अक्टूबर से दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में तेज बारिश के साथ आंधी की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने कहा है कि 29 अक्टूबर को भारी से अतिभारी वर्षा का क्रम जारी रह सकता है।



फाईल फोटो

### गीदम में सर्वाधिक वर्षा

मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में गीदम में 4 सेमी, भैरमगढ़, नानगुर, बारसूर और छोटेडोंगर में 2 सेमी, जबकि छिंदगढ़ और तोंगपाल में 1 सेमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान घटेगा और नमी का असर बढ़ेगा। इस वजह से सुबह और रात के तापमान में मामूली गिरावट महसूस की जा सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले 3-4 दिनों तक नमी और बारिश का असर रहेगा,जिससे लोगों को सुबह और शाम के समय सतर्क रहने की आवश्यकता होगी।

### किसानों और नागरिकों के लिए चेतावनी

मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे फसलों की कटाई और भंडारण को लेकर पूरी सावधानी बरतें। खुले क्षेत्रों में फसल या वस्तुओं को सुरक्षित स्थान पर रखने की आवश्यकता है। वहीं,नागरिकों को यात्रा के दौरान सतर्क रहने और आवश्यक न होने पर बाहर निकलने से बचने की चेतावनी दी गई है।

## चरमुड़िया में हुई गौरी-गौरा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

चरमुड़िया के शंकरनगर रेलवे स्टेशन में गौरा-गौरी की बारात निकाली गई। गोवर्धन पूजा के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग चढ़ाया गया। श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया।



## पुरेना के मड़ई मेला में पहुंचे दूर-दूर से श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम पुरेना के मां अंगारमोती माता के दरबार में इस वर्ष भी मड़ई मेला का आयोजन किया गया थ जिसमें हजारों श्रध्दालु पहुंचे। निःसंतान महिलाओं ने घंटों बैठकर बैगा महेश टंडन का इंतजार किया। बारी-बारी से बैगा ने महिलाओं को भभूति प्रसादी दी। मान्यता है कि इस भभूति को खाने से सूनी गोद भर जाती है। महेश बैगा ने बताया कि पिछले वर्ष 100 निःसंतान माताओं की सूनी गोद माता अंगारमोती ने भरी थी। मौके पर सोनू यादव, शत्रुघ्न साहू, खिलेंद्र साहू, हरीश टंडन समेत बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद थे।

# पुलिस ने पंद्रह हजार की भीड़ में बिछड़े बच्चों को परिजनों से मिलाया

- गंगरेल मड़ई की ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ऐतिहासिक गंगरेल मड़ई में उमड़ी हजारों की भीड़ में बिछड़ चुके बच्चों की पुलिस ने तलाश कर उसके परिजनों से सकुशल मिलाने का सराहनीय कार्य किया, वहीं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गंगरेल मंडई की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

गंगरेल मड़ई के दौरान दूरदराज क्षेत्र सहित छग के विभिन्न जिलों से एवं अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसपी सूरजसिंह परिसर ने आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की थी। कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई। व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के कारण मेला शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मड़ई में 15 हजार लोगों की भीड़ की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे से रियल टाइम मानिटरिंग की गई। वहीं भीड़ भाड़ के कारण मेला क्षेत्र से पैदल जा रहे महिला, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों को पुलिस के जवानों ने अपने वाहन में बिठाकर गंगरेल से रूद्री तक सुरक्षित पहुंचाया गया। मड़ई के दौरान कुछ बच्चे भी अपने परिजनों से बिछड़ गए, जिनकी पुलिस तत्परता व संवेदनशीलता के साथ तलाश कर उनके परिजनों से मिलवाया है।



### जनता की सुरक्षा और सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता

पुलिस ने संदेश दिया है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने का ही कार्य नहीं करती, बल्कि हर परिस्थिति में जनता की सुरक्षा और सहायता पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गंगरेल मड़ई के दौरान पुलिस ने जनता की सुरक्षा कर सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।



# हमसफर चुनने 200 युवक-युवतियों ने दिया परिचय





### देवांगन धर्मशाला दानीटोला में हुआ परिचय सम्मेलन, कई जिले से पहुंचे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

धमतरी मंडल देवांगन समाज एवं जिला देवांगन समाज के सहयोग से युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में किया गया जिसमें प्रदेशभर से युवा पहुंचे थे। सम्मेलन में धमतरी के अलावा जगदलपुर, कोंडागांव, महासमुंद, कांकेर दुर्ग, बालोद, रायपुर जिले के लगभग 200 युवक युवतियों ने पंजीयन कराया था। पंजीयन उपरांत अपना परिचय भी दिया। परिवारों के मिलने के लिए काउंसलिंग की सुविधा भी दी गई थी। इससे दोनों परिवारों को एक दूसरे को जानने और समझने का मौका मिल पाया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाले समाजसेवी लोगों एवं संस्थाओं का भी सम्मान किया गया। वायु सेना से सेवानिवृत्त हुए सैनिक अभिषेक देवांगन का सम्मान किया गया। साथ ही लव जिहाद धर्मांतरण और गौ सेवा तथा हिंदू समाज के लिए निरंतर कार्य करने के लिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल धमतरी का सम्मान भी किया गया।

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन, जिला सहसंयोजक तुषार साहू समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस आयोजन में धमतरी मंडल अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन, संतोष देवांगन संरक्षक, युवा अध्यक्ष कोमल देवांगन, संगठन सचिव रामचंद देवांगन, महिला अध्यक्ष खुशबू देवांगन, शंकर देवांगन सचिव, राजकुमार देवांगन कोषाध्यक्ष, भरतलाल देवांगन अंकेक्षक, डीपेंद्र, उमेश, चेतन, देवेंद्र, श्याम, केशव का विशेष योगदान रहा। इनके नेतृत्व में देवांगन समाज ने एकजुटता के साथ प्रदेशस्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाया।

मौके पर घनश्याम देवांगन संरक्षक जिला देवांगन समाज धमतरी, विनय देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी, मोनिका देवांगन जिपं सदस्य धमतरी, महिला मंडल अध्यक्ष वेदिका देवांगन, डा. जयलाल देवांगन महासचिव, खूबलाल देवांगन सहसचिव, बृजलाल देवांगन कोषाध्यक्ष, रामचन्द देवांगन सहसचिव, टीकाराम देवांगन अध्यक्ष भवन निर्माण समिति, ऋषभ देवांगन, पामेश देवांगन मीडिया प्रभारी जिला देवांगन समाज धमतरी, विजय देवांगन, शांतिलाल देवांगन सहित अन्य सामाजिक जनों की उपस्थिति रही।

## दीपों की रोशनी से जगमगाया तिर्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम तिर्रा (डुबान) में इस वर्ष भी दीपावली मातर पर्व का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना से हुआ। दीपों की सुनहरी आभा से पूरा ग्राम आलोकित हो उठा। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों से वातावरण को मंगलमय बनाया, वहीं बच्चों में उत्सव का उत्साह देखते ही बनता था।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि दीपावली मातर हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति का प्रतीक पर्व है। ग्राम तिर्रा में यह परंपरा जिस आत्मीयता और उत्साह से निभाई जाती है, वह समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देती है। संध्या होते ही आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगा। आतिशबाजी प्रदर्शन ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती सबिता रमेश ने की। विशिष्ट अतिथि जयंत नेताम, बालकृष्ण नेताम, श्रीमती बेदबाई कुमेटी, अफाक खान, कांताप्रसाद निषाद, श्रीमती शोहदा साहू, इमरान खान, गिरधर मंडावी, रामेश्वर, उमेश साहू, संजय देवांगन, गोपाल साहू थे। दीपों की पंक्तियों, रंगीन आतिशबाजी और खुशियों से सराबोर वातावरण ने ग्राम तिर्रा को छत्तीसगढ़ की परंपरागत दीपावली का जीवंत प्रतीक बना दिया।

## धीवर समाज ने मनाया दिवाली मिलन





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धीवर समाज परगना छाती द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परगना अध्यक्ष छबिलाल ढीमर एवं समाज के वरिष्ठजनों ने किया।

छबिलाल ने कहा कि दीवाली मिलन केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज की एकता और प्रगति का प्रतीक है। जब हम मिलकर खुशियां मनाते हैं, तो आने वाली पीढ़ियां भी अपने समाज और संस्कृति पर गर्व महसूस करती हैं। इस दौरान परगना उपाध्यक्ष तोरणलाल धीवर, कोषाध्यक्ष सिद्धांत शंकर, सचिव सेवकराम, मछुआरा समिति छाती के अध्यक्ष देवलाल धीवर, संरक्षक चंद्रहास धीवर सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## मातर महोत्सव में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम कांशीपुरी में यादव समाज की अगुवाई में मातर महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर यादव समाज के कलाकारों द्वारा अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। महिला एवं बच्चों द्वारा रात्रीकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू मुजगहन थीं।

विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच चिरंजीव लाल साहू, कांशीपुरी सरपंच श्रीमती कुंती देवदास कोसरिया, यादव समाज के जिला अध्यक्ष जोहनसिंह यादव, धमतरी राज अध्यक्ष बलराम यादव बरारी, मुरली यादव मुजगहन, सोहनलाल यादव तेंदुकोना, तुलसीराम यादव धमतरी थे। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सरोज यादव कांशीपुरी, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रोहित यादव, रामाधर यादव, गंगाराम यादव, खेदुराम यादव समेत समाजजनों का योगदान रहा।

कार्यक्रम के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। पूर्व सरपंच चिंरजीवलाल साहू ने बताया कि कोसरिया यादव समाज के भवन निर्माण हेतु पूर्व में साढ़े सात लाख स्वीकृत हुआ था लेकिन बाद में राजनीति कारणवश पांच लाख रुपए स्वीकृत हुए।

## परंपराओं को सहेजना हम सबका दायित्व है : ओंकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विधायक ओंकार साहू में ग्राम भटगांव में मौली माता के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर आयोजित मातर महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने ग्रामीणों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप पूजा-अर्चना की।

## श्रद्धालुओं ने किया गौरी गौरा पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

सिर्री क्षेत्र के गांवों में दीपावली पर्व मनाया गया। 22 अक्टूबर बुधवार को गोवर्धन पूजा पर गौरी-गौरा की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु झूमते नाचते नजर आए । पूरे गांव में भ्रमण किया। गौरी-गौरा चौरा पर ग्रामीण श्रद्धालुओं के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भी भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा आरती की। बाद में गौरी-गौरा का विसर्जन गांव के तालाब में विधि-विधान से किया गया।

## खेल से अनुशासन व टीम भावना का संचार होता है : ओंकार

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ग्राम भानपुरी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास बढ़ाने का सबसे प्रभावी जरिया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें मंच और प्रोत्साहन देने की। कबड्डी हमारे देश की मिट्टी से जुड़ा पारंपरिक खेल है जो हमें सामूहिकता, रणनीति और शारीरिक दृढ़ता का संदेश देता है। धमतरी क्षेत्र के युवा पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे बढ़े। गांव-गांव में ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करने से युवा नशे और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहते हैं तथा एक सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर होते हैं।

पेज 11 के शेष...

### कुएमारी एवं किसकोड़ो...

ईलाके में विकास कार्य बढ़ जाएंगे। पुलिस नक्सली सर्मथकों पर नकेल कसती है या उनको उसी हालत में छोड़देती है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। किसकोड़ो एरिया कमेटी का प्रभाव अंतागढ़ विकासखंड में था। जंगल में नक्सली गतिविधियों में कमी से स्थानीय ग्रामीणों का डर कम होगा। स्कूल - कॉलेज, स्वास्थ्य-केंद्र, सड़क-ट्रैफिक आदि सुचारू रूप से चल सकेंगे।

### धर्मांतरण के विरोध...

धर्म परीवर्तन करना पूरी तरह से गलत है, ऐसे कृत्य को करने वाले लोगों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। सर्व हिंदू समाज आक्रोशित दिखा, वहीं माहौल को समझते हुए कांकेर से पुलिस टीम मौके पर पहुँची थी और आक्रोशित सर्व हिंदू समाज के लोगों को समझाईश देने का प्रयास किया।

### एग्रीस्टेक पोर्टल में...

के लिए किसान अपने खसरा नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ऋण पुस्तिका एवं मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके। वहीं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई किसान तकनीकी समस्या का सामना कर रहा है, तो वह सहकारी समिति कार्यालय या एग्री स्टेक हेल्प डेस्क की सहायता ले सकता है।

### मारपीट से किलेपारा...

हराडुला के भागीरथी पटेल, जीवन नेताम, नरेन्द्र बघेल, रिंकू बघेल, रामनारायण नेताम, गुलशन जुर्री, गंगेश जुर्री, तिलक मटियारा, संदीप गड़पाले, जितेन्द्र सिन्हा आएं और मेरे से कहने लगे कि तुम यहाँ पर क्यो बैठे हो, ऐसा कहते हुए गाली देने लगे। सभी एकराय होकर हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट करने लगे एवं जान से मारने की धमकी दिए । आरोपियों द्वारा मारपीट करने से मेरे चेहरे पर चोट आया और चेहरा सूज गया। सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भागीरथी पटेल, जीवन नेताम, नरेंद्र बघेल, रिंकू बघेल, रामनारायण नेताम, गुलशन जुर्री, गंगेश जुर्री, तिलक मटियारा, संदीप गढ़पाले व जितेंद्र सिन्हा के खिलाफ धारा 115 (2), 191 (2), 296, 51 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### पीएम के मन...

एपिसोड था। इस बार के एपिसोड में पीएम मोदी ने चर्चा की शुरुआत छठ महापर्व से की। पीएम मोदी ने देशवासियों को छठ महापर्व का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिले तो सभी लोग छठ उत्सव में एक बार जरूर भाग लें। छठ महापर्व भारत की एकता का सबसे बड़ा और सुंदर उदाहरण है। जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में बहुत उत्साह है। इस बार त्योहारों में एक और सुखद बात देखने को मिली। बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। लोगों ने मुझे जो संदेश भेजे हैं, उसमें बताया है कि इस बार उन्होंने किन स्वदेशी चीजों की खरीदारी की है।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती का दिन पूरे देश के लिए एक बहुत विशेष अवसर है। सरदार पटेल आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक रहे हैं। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे। वे एक अत्यंत प्रतिभाशाली छात्र रहे। उन्होंने भारत और ब्रिटेन दोनों ही जगह पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन किया। वे अपने समय के सबसे सफल वकीलों में से भी एक थे। वो वकालत में और नाम कमा सकते थे, लेकिन गांधी जी से प्रेरित होकर उन्होंने खुद को स्वतंत्रता आंदोलन में पूरी तरह समर्पित कर दिया। खेड़ा सत्याग्रह से लेकर बोरसद सत्याग्रह तक अनेक आंदोलनों में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### शहर में 450 आवारा कुत्तों की होगी नसबंदी

**धमतरी।** शहर में लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या पर अंकुश लगाने नगर निगम ने नसबंदी अभियान को तेज कर दिया है। नगर निगम ने इस बार हरियाणा की एक निजी कंपनी को यह जिम्मेदारी सौंपी है, जो गली मोहल्लों में घूमकर सड़कों पर भटक रहे कुत्तों को पकड़ने का कार्य कर रही है। निगम ने लगभग 450 कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद कंपनी की टीम बीते तीन दिनों से शहर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर कुत्तों को पकड़ रही है। पकड़े गए कुत्तों को सुभाष नगर स्थित अस्थायी नसबंदी केंद्र में रखा जा रहा है, जहां पशु चिकित्सकों की निगरानी में उनकी नसबंदी की जाएगी। नसबंदी के बाद कुत्तों को तीन दिनों तक केंद्र में रखा जाएगा ताकि वे पूरी तरह स्वस्थ हो सकें। इस दौरान उनके खानपान और देखभाल की विशेष व्यवस्था की गई है। टीम द्वारा हर कुत्ते को दिन में दो बार लगभग 250 ग्राम चिकन और चावल खिलाया जाएगा, जिससे उनकी रिकवरी तेज़ी से हो सके। नसबंदी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुत्तों के कान पर विशेष निशान लगाया जाएगा, ताकि भविष्य में दोबारा नसबंदी की आवश्यकता न पड़े। इसके बाद उन्हें उसी स्थान पर वापस छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस अभियान से शहर में आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित होने में काफी मदद मिलेगी।

### जिले में 7 नवंबर तक लगेंगे पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शिविर

**धमतरी।** ग्रामीण उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से जोड़ने और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत धमतरी जिले में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड धमतरी संभाग द्वारा 26 अक्टूबर से 7 नवंबर तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता अनिलप्रसाद सोनी ने बताया कि विद्युत उपसंभाग धमतरी (ग्रा.), धमतरी जोन, अर्जुनी, नगरी एवं बेलरगांव के अंतर्गत कुल 32 ग्रामों में पीएम एसजीएम शिविर लगाए जा रहे हैं। योजना के तहत पात्र उपभोक्ता अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकती है। केंद्र सरकार सोलर रूफटॉप प्रणाली पर 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान कर रही है। 26 अक्टूबर को पुरानी कृषि उपज मंडी धमतरी, सोरम और सिहावा में, 27 को आमदी, रुद्री, गट्टासिल्ली और अमलीपारा में, 28 को इंडोर स्टेडियम धमतरी, खरतुली, चनागांव और सलोनी में, 29 को सेमरा (नगरी), भानपुरी, धमतरी जोन और गुडरापारा में, 30 अक्टूबर को बेलरगांव, तरसींवा, अछोटा और दरगहन में, 31 अक्टूबर को सामुदायिक भवन (विंध्यवासिनी मंदिर के पास), केरेगांव और भोयना में, 3 नवम्बर को गढ़डोंगरी और छाती में, 5 नवम्बर को घोरागांव, कोलियारी, बाजारकुर्रीडीह और भोथली (नगरी) में, 6 नवम्बर को बिरगुड़ी और अकलाडोंगरी में, 7 नवम्बर को अरौद डुबान, दुगली और बेलरगांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## बदल रहा बस्तर, पहुंच रहे देश-विदेश के पर्यटक...



**जगदलपुर।** बस्तर में लगातार हो रहे नक्सलियों के सरेंडर तथा नक्सली घटनाओं में कमी के चलते देश-विदेश के पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। पहले केवल एतिहासिक दशहरा पर्व में ही कवरेज के लिए विदेशी बस्तर आते थे। लेकिन अब बीजापुर जिले के धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र नंबी गांव तक जल प्रपात देखने विदेशी पहुंचे हैं। यह चित्र शहर के दंतेश्वरी मंदिर के सामने का है जहां कई विदेशी शहर में घुम रहे हैं। लेकिन सप्ताह भर पहले जर्मनी के वयोवृद्ध दंपत्ति खतरनाक इलाका नंबी तक पहुंच गए। उनका कहना है बस्तर में अब माहौल शांत हो रहा है। इसलिए यहां की खुबसूरती देखने आए हैं। छाया : संतोष पाण्डे

### सीआरपीएफ 111वीं बटालियन का हेडक्वार्टर विवादों में

# रेंगानार के ग्रामीणों ने कहा- नहीं लगने देंगे सीआरपीएफ हेडक्वार्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार



रेंगानार गांव में प्रस्तावित सीआरपीएफ 111वीं बटालियन का हेडक्वार्टर अब विवादों में घिर गया है। प्रशासन जहां इस हेडक्वार्टर के लिए लगभग 29 हेक्टेयर जमीन तलाश कर रहा है वहीं दूसरी ओर स्थानीय ग्रामीणों ने इसका जोरदार विरोध शुरू कर दिया है। रविवार को रेंगानार में आयोजित बैठक में मसेनार, गढ़मिरी और रेंगानार पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण एकजुट हुए और स्पष्ट कहा कि वे अपनी जमीन किसी भी सूरत में नहीं देंगे।

ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन जिस जमीन पर सीआरपीएफ हेडक्वार्टर बसाने की तैयारी कर रहा है, वह उनकी पुश्तैनी खेती की जमीन है। यही नहीं इसी भूमि पर उनके देवी-देवताओं के पूजा स्थल भी स्थित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना उनकी सहमति के प्रशासन जबरन जमीन अधिग्रहित करने की कोशिश कर रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने जबरन जमीन ली तो वे आंदोलन करेंगे और जान की बाज़ी लगा देंगे लेकिन जमीन नहीं छोड़ेंगे।

सूत्रों के अनुसार प्रशासन ने खसरा नंबर 158 से 163 तक की करीब 27.76 हेक्टेयर जमीन को हेडक्वार्टर के लिए चिन्हांकित किया है। इनमें से 160, 161 और 163 नंबर की जमीन निजी स्वामित्व में है, जबकि बाकी जमीन पर भी ग्रामीण खेती-किसानी करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब जबकि क्षेत्र में नक्सल गतिविधियां लगभग समाप्त हो चुकी हैं तो गांव में स्थायी सीआरपीएफ कैंप की कोई आवश्यकता नहीं रह गई है।

मंगल भास्कर, सरपंच रेंगानार ने कहा हमारी जमीन पर प्रशासन जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। यहां हमारे खेत, पेड़, पूजा स्थल सब कुछ हैं। हम सीआरपीएफ का हेडक्वार्टर यहां नहीं बनने देंगे।

वहीं जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने कहा ग्रामीणों की सहमति के बिना कोई निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए। प्रशासन को पहले गांव के लोगों से बात करनी चाहिए थी।

ग्रामीण संजय जिन्होंने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया बोले हम सरकार और प्रशासन का सम्मान करते हैं, लेकिन जमीन हमारी है। जब तक हमारी मांग नहीं सुनी जाएगी, हम आंदोलन जारी रखेंगे।

रेंगानार में अब यह मुद्दा तेजी से गर्मा रहा है। प्रशासन के लिए सुरक्षा बलों की जरूरत और ग्रामीणों के आक्रोश के बीच संतुलन बनाना बड़ी चुनौती बन गया है।

## बाबा रामदेव मंदिर में छप्पन भोग लगाकर हुई गोवर्धन पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

बाबा रामदेव मंदिर में गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ। इस मौके पर यहां गोवर्धन भगवान कि पूजा अर्चना की गई इसके साथ ही गौ माता की पूजा व राधे-कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना छप्पन भोग लगाकर किया गया। वही इस आयोजन से पहले सुबह प्रभात फेरी भी निकाली गई जहां भारी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। गौरतलब है कि कार्तिक मास में नगरवासियो, भक्तगणों द्वारा बाबा रामदेव मंदिर से प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकाली जाती है। भगवान कृष्ण की झांकी लिए यह प्रभात फेरी सुबह भगवान श्री कृष्ण के भजनों से गूंज उठती है जिसका समापन कार्तिक पूर्णिमा में कार्तिक स्न्नान करके किया जाता है । गोवर्धन पूजा से भी पूर्व यह प्रभात फेरी निकाली गई इसके पश्चात गोवर्धन पूजा विधि विधान से आयोजित हुई । इस दिन गौ माता की भी लोगो ने विशेष रूप से पूजा अर्चना की और गायों को खिचड़ी, चारा जैसे अन्य पकवान खिलाये गए।

## 4 सोने के सिक्के एवं एक सोने की चेन के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरन्दुल में रथयात्रा के दिन शाम करीबन 7.30 से 8.30 बजे के मध्य घर के खिड़की के राड को मोड़कर घर अंदर घुसकर सोने के सिक्के व सोने के जेवरात चोरी होने की रिपोर्ट प्रार्थी एम भगवती बाबू द्वारा दर्ज करवाने पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 35/2025 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी किरदुल संजय यादव के नेतृत्व में आरोपियों की पता तलाश हेतु गांव एवं आसपास मुखबिर लगाया गया। अज्ञात आरोपियों की पता तलाश दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति एनएमडीसी वाले सिक्के को बेचने का प्रयास कर रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु टीम दंतेवाड़ा पहुंचकर संदिग्ध किशन सोना उर्फ क्राईम पिता जौवन कुमार सोना उम्र 21 वर्ष निवासी रेल्वे कालोनी दंतेवाड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने दोस्त द्वारा किरन्दुल में रथयात्रा के दिन सोने के जेवरात व सिक्के चोरी कर लाना जिसे बेचने के लिये अपने पास छिपाकर रखना व खरीददार ढूंढना स्वीकार किया।

आरोपी से सोने के 4 नग सिक्के ( 1 नग 20 ग्राम, 1 नग 10 ग्राम, 2 नग 5 ग्राम का) व 1 नग सोने का चैन बरामद कर जप्ती कर 23 अक्टूबर को गिरफ्तारी की कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में एक अन्य आरोपी की पता तलाश की जारी है। कार्यवाही में उप निरीक्षक लीलाराम गंगबेर, प्रआर हरि सिन्हा, आरक्षक धनंजय गंजीर, सुभाष प्रसाद, देवलाल सिदार, विक्रांत साहू की मत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नदीसागर में कीचड़ से लथपथ सड़क ग्रामीणों के लिए बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



जनपद पंचायत बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नदीसागर में सभी पाराओं को जोड़ने वाली कच्ची सड़क इन दिनों कीचड़ से लथपथ हो चुकी है। बरसात के मौसम में सड़क दलदल में तब्दील हो गई है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सड़क की दुर्दशा के कारण बच्चों को स्कूल जाने, ग्रामीणों को राशन एवं अन्य आवश्यक सामग्री लाने, और मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में गंभीर कठिनाइयां हो रही हैं। आपात स्थिति में एम्बुलेंस तक गांव नहीं पहुंच पा रही, जिससे कई बार मरीजों को खाट या ठेले पर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार पंचायत एवं जनपद स्तर पर शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिकांश ग्रामीण आदिवासी परिवार हैं जिनकी आजीविका खेती और मजदूरी पर निर्भर है। सड़क की खराब हालत से उनका दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत नदीसागर की इस सड़क का शीघ्र सर्वेक्षण कराकर मरम्मत एवं निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

## अनामिका ने बढ़ाया दंतेवाड़ा का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ मिस इंडिया के लिए प्रथम रनर अप खिताब से हुई सम्मानित



विगत दिनों रायपुर में मिस्टर मिस एंड मिसेज इंडिया 2025 और भारत गौरव सम्मान पुरस्कार का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि महिमा चौधरी रहीं। ग्रूमर सार्थक चौधरी और आकाश मेगवानी ने शो को और भी आकर्षक बनाया। शो को होस्ट करने की जिम्मेदारी कमल फुलवाधवा ने संभाली।

वीएम मैनेजमेंट एंड सिक्योरिटास के फाउंडर जितेंद्र सिंह चौधरी और कविता सिंह ने इस शो का आयोजन किया। शो में छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र और मुंबई से प्रतिभागियों शामिल हुए ।उसमें दंतेवाड़ा की अनामिका पटेल ने प्रथम रनर अप का खिताब जीता उन्हें छत्तीसगढ़ की संस्कृति या कला से अवगत कराया गया। अनामिक ने इस अवसर पर कहा कि मैं बहुत खुश हूं की मैंने आज मिस इंडिया 2025 के प्रथम रनरअप का खिताब जीता ।इसके लिए मुझे आयोजक जीतेंद्र सिंह चौधरी और कविता सिंह जी ने बधाई दी। मैं इनका हृदय से आभार प्रकट करती हूं। ज्ञात हो कि उक्त आयोजन में प्रथम रनर अप का खिताब जितने वालीं अनामिका पटेल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हाई स्कूल आवराभाटा से किया। इनकी सफलता एवं उज्वल भविष्य के लिए आवराभाटा विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने बधाइ दी।



## रूपसिंह के अध्यक्ष बनने पर भाजपाई खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व जिलाध्यक्ष रूप सिंह मंडावी को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष बनाने पर उनके समर्थकों में खुशी देखी जा रही है। घोषणा होते ही अनेक भाजपाई कार्यालय पहुंचे और रूप सिंह को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी ।

## एयर विंग कैंप में छात्र-छात्राओं को दी गई बेसिक जानकारी...



**जगदलपुर।** मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में एनसीसी द्वारा आयोजित एयर विंग कैंप में पहुंचकर एनसीसी एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने बेसिक जानकारी प्राप्त की। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के निर्देशन में रायपुर ग्रुप मुख्यालय द्वारा जगदलपुर हवाई अड्डे पर एनसीसी फ्लाइंग का संचालन किया जा रहा है ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राज्य स्पर्धा में लेंडरा के छात्रों को मिला 3 पदक

**कांकेर।** 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल तीन पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। तीनों पदक नरहरपुर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंडारा के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से अर्जित किया। कोच के नेतृत्व व मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और अनुशासन का परिचय देते हुए सफलता हासिल किया। लगातार चार वर्षों से लेंडारा विद्यालय के खिलाड़ी कराटे खेल में राज्य स्तर पर पदक जीतते आ रहे हैं, जिससे विद्यालय, विकासखंड और कांकेर जिले का गौरव बढ़ा है।

### गुरु गोविंद सिंह और छत्रपति शिवाजी वार्ड में स्वच्छता अभियान



**जगदलपुर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत एमपीएम हॉस्पिटल के डॉक्टर, नर्स एवं स्टाफ ने रविवार को गुरु गोविंद सिंह एवं छत्रपति शिवाजी वार्ड में संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में अस्पताल के लोग मौजूद रहे। पार्षद संग्राम सिंह राणा एवं श्यामसुंदर बघेल ने इस सराहनीय पहल के लिए एमपीएम हॉस्पिटल के निदेशक फादर टॉम को सम्मानित किया। उन्होंने कहा एमपीएम हॉस्पिटल के डॉक्टरों व स्टाफ ने जनजागरण के माध्यम से स्वच्छता का जो संदेश दिया है वह समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। अस्पताल के निदेशक फादर टॉम ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास की सफाई बनाए रखें और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में सहयोग दें। इस अवसर पर वार्डवासी गोपाल पटेल, नंदलाल, सुरेश कश्यप सहित कई लोग उपस्थित थे।

### एर्राकोट में गूंजी पीएम के मन की बात तोकापाल में श्रवण

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम एरार्कोट में सामूहिक श्रवण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप उपस्थित रहे। संस्कृत और स्वदेशी के पुनर्जागरण पर प्रधानमंत्री ने जोर दिया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी, वंदे मातरम गीत से मां भारती का वंदन, जीएसटी बचत उत्सव, और मेग्रोव वनों के संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के माओवादी क्षेत्र में गश्त के दौरान सीआरपीएफ के देशी श्वान द्वारा आईडी खोजकर जवानों को बचाने की वीरता की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय नस्ल के स्वानों को संरक्षित किया जाना चाहिए क्योंकि वे देश की सुरक्षा में गर्व का प्रतीक हैं। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायी और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरक बताया।

जायजा : धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और प्रशासनिक सक्रियता का संगम

# छठ पर्व के तीसरे दिन की तैयारी जारी विधायक ने तालाब का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



लोकआस्था के महापर्व छठ की तैयारियाँ जोरों पर हैं। हर ओर श्रद्धा, भक्ति और स्वच्छता का संदेश फैलता दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में रविवार 26 अक्टूबर को दोपहर को कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने दुधावा तालाब का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, जलस्तर और श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित तैयारियों की बारीकी से समीक्षा किया।

छठ पर्व का आज तीसरा दिन, जिसे संध्या अर्घ्य का दिन कहा जाता है, सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और संतानों की दीर्घायु की कामना की जाती है। हजारों श्रद्धालु महिलाएँ निर्जला उपवास रखकर शाम के समय अस्ताचलगामी सूर्य को जल में खड़े होकर अर्घ्य देंगी। इसके एक दिन पहले 26 अक्टूबर को विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं भाजपा पार्टी के पदधिकारी दोपहर को साढ़े 11 बजे दुधावा तालाब पहुँचे और घाट की सफाई का जायजा लिया। सफाई टीम को फैली गंदगी को साफ करने के लिए कहा। विधायक ने सफाई कर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि यह पर्व हम सभी के लिए गौरव की बात है। यह सिर्फ धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह सभी समाज की एकजुटता का प्रतीक है। आप सभी इस कार्य को सेवा भाव से करें। निरीक्षण के दौरान विधायक ने महिला श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। स्थानीय लोगों ने कहा कि छठ घाट सिर्फ पूजा का स्थान नहीं, बल्कि यह हमारी आस्था का केंद्र है। यहाँ स्वच्छता, व्यवस्था और श्रद्धा तीनों का संतुलन जरूरी है। छठ सिर्फ पूजा-पाठ का पर्व नहीं, बल्कि यह स्वच्छता, अनुशासन, समर्पण और एकजुटता का प्रतीक है।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह पर्व सिर्फ सरकार या प्रशासन का नहीं, बल्कि पूरे समाज का है। छठ पर्व हमारी भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है। इसमें स्वच्छता, अनुशासन और श्रद्धा का जो संगम देखने मिलता है, वह अद्वितीय है। मैंने सभी घाटों का निरीक्षण किया है। कहीं-कहीं सुधार की जरूरत थी, जिसे आज शाम तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि छठ केवल पूजा नहीं, बल्कि यह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। सूर्य और जल हमारे जीवन के आधार हैं और छठ के माध्यम से हम इन दोनों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग की



हरिभूमि नयूज ▶▶| कांकेर

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हिंदू संगठनों और समाज के खिलाफ आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियां किए जाने का मामला सामने आया है। संगठन के लोगों ने नरहरपुर थाना में शिकायत करते हुए कार्यवाही की माँग किया है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने थाना नरहरपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि इंस्टाग्राम आईडी आरओ एवं ननकू नामक व्यक्ति द्वारा लगातार बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, ब्राह्मण समाज एवं हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट, अपमानजनक टिप्पणियां और भड़काऊ संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। इन पोस्टों में संगठनों को गुंडागर्दी करवाने वाला बताया गया है और समाज में तनाव फैलाने वाली बातें लिखी गई हैं। शिकायत कर्ताओं ने आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति की टिप्पणियों का उद्देश्य हिंदू समाज और ईसाई धर्म के बीच आपसी विवाद उत्पन्न करना है, जिससे समाज में अशांति और वैमनस्यता फैलने की संभावना है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग किया है।

शिकायत पत्र के साथ आरोपित के आपत्तिजनक कमेंट्स और चैट के स्क्रीनशॉट भी सबूत के तौर पर पुलिस को सौंपे गए हैं। शिकायत करने वालों में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के विभिन्न पदाधिकारी शामिल रहे, जिनमें जिला सह मंत्री धर्मेंद्र सुरुजिया प्रखंड संयोजक रोशन बघेल प्रखंड मंत्री मनीष बघेल प्रखंड सह मंत्री गौरव शोरी खंड सह मंत्री सतीश राठौर खंड सह मंत्री हरीश ठाकुर युवराज सिन्हा, दुर्गेश सिन्हा प्रताप यादव और संजीव कुमार प्रमुख हैं।

## धान खरीदी अब 17 नवंबर से होगी किसानों को 20 दिनों की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने में अब भी 20 दिन से अधिक का समय बचा है। राज्य सरकार ने सिद्धांत रूप में खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ करने का निर्णय लिया था, किंतु 15 नवंबर को शनिवार और 16 नवंबर को रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण धान खरीदी अब 17 नवंबर से प्रारंभ होगी। इस बीच क्षेत्र के किसान दीपावली पर्व के बाद से ही अपने खेतों में धान की कटाई, सफाई और मिंजाई कार्य में तेजी से जुट गए हैं। किसानों का कहना है कि खरीदी में देरी के कारण उन्हें कटे हुए धान को खलिहान में ही सुरक्षित रखना पड़ रहा है। यदि अचानक बारिश हो जाए तो धान के भीगने और नुकसान का खतरा बना रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई किसानों ने बताया कि देर से खरीदी शुरू होने से धान के भंडारण, रखरखाव और परिवहन लागत बढ़ रही है। साथ ही उन्हें आर्थिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने शासन से जल्द खरीदी प्रारंभ करने की मांग की है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 14 नवंबर से ही धान खरीदी प्रारंभ हो गई थी, जबकि पारंपरिक रूप से प्रदेश में 1 नवंबर राज्य स्थापना दिवस से खरीदी की शुरुआत होती रही है। लेकिन इस बार प्रदेश में हुई लगातार बारिश और नमी की स्थिति को देखते हुए शासन ने खरीदी अवधि 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की है।



## प्रांतीय डीजे डांस के विजेताओं और जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**कांकेर।** दीपावली के पावन अवसर पर श्रीश्री बाल गणेश सिंघम समिति ग्राम केवटीनटोला के तत्वाधान में राज्यस्तरीय रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भाईदूज को रखा गया था। यह कार्यकम रात 8 बजे से सुबह 9 बजे तक चला, जिसमें पूरे प्रदेश के कलाकारों को अपनी अभिनय एवं कला दिखाया। कांकेर, कोरबा, रायगढ़, खैरागढ़, रायपुर, बिलासपुर, महासमुंद, कोंडागांव, गरियाबंद, बस्तर, बालोद और धमतरी जिला के कलाकारों ने भाग लिया।

विजेताओं के लिए तीन श्रेणियों में इनाम रखा गया था। शील्ड , मोमेंटो एवं आकर्षण पुरुष्कार छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त निर्णायकमंडल के निर्णय के आधार पर दिया गया। सामूहिक नृत्य प्रथम स्थान आम्रपाली डांस ग्रुप कोरबा, माता के महिमा डांस ग्रुप डोमहटोला खैरागढ़, तृतीय पूर्वइहा डांस ग्रुप विश्रामपुरी कोंडागांव, चतुर्थ रेड क्वीन डांस ग्रुप मयाना कांकेर, यूगलनृत्य प्रथम राजनंदिनी कोण्डागांव, द्वितीय पवन हिना रायपुर, तृतीय चुरकी मूरकी पिथौरा महासमुंद, चतुर्थ दिनेश रवीना देवरी बालोद एवं एकलनृत्य प्रथम खिलावन निषाद राजिम गरियाबंद, द्वितीय लक्की यादव धमतरी, मल्लिका रायगढ़, चतुर्थ संगीता कोर्चे धनतुलसी कांकेर ने प्राप्त किया। इसके साथ साथ पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर हेमनरायण गजबल्ला, पूर्व सरपंच रामचरण नायक, प्रधान अध्यापक उपेश्वर ठाकुर और रेमन कुलदीप को ग्राम गौरव सम्मान से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य जिला पंचायत कांकेर सुलोचना मेश्राम, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत केवटिनटोला सरिता भुवार्य, विशेषअतिथि जनपद सदस्य कांकेर ओमेश साहू,गिरीश मेश्राम,रामचरण नायक , छत्रपाल साहू, रामदास साहू, हरिचंद कुल दीप,चंदन भुवार्य, परमानंद कावड़े, लक्ष्मी नारायण साहू, शिवचरण कुलदीप, अमर सिंह बढ़ाई उपस्थित रहे।

## एसआई बताकर किसान से 20 हजार की धोखाधड़ी, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




बड़गांव थाना में धोखाधड़ी का ऐसा मामला सामने आया, जिसमें ठगों ने स्वयं को पुलिस वाला बताकर किसान से 20 हजार रूपएं ठग लिया। आरोपी ने स्वयं को भानुप्रतापपुर थाना का एसआई बताया और अवैध ढंग से शराब बेचने की शिकायत मिलने का हवाला देकर किसान को डराया और हजारों की ठगी कर लिया।

बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे सिंदूरपारा पिच्चेकट्टा निवासी हेमलाल कोला पिता मेहर सिंह ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मै 22 अक्टूबर को अपने सास ससुर के घर ग्राम बोगर परिवारिक काम से गया था, तभी दोपहर लगभग 2बजे मुझे मेरे मोबाईल पर किसी का कॉल आया जिसने अपने आपको थाना भानुप्रतापपुर से एसआई वर्मा साहब बोल रहा हूं, तुम दारू बनाकर संजयपारा में पार्सल करते हो, पिच्चेकट्टा के तामेश गावड़े ने तुम्हारे खिलाफ शिकायत किया है, मुझे 20 हजार रूपएं दे दो मामला रफा दफा करवा दूंगा। क्योंकि टीआई और अन्य लोगों को पैसा बांटना पड़ेगा, नहीं तो तुमको और तुम्हारे पिता दोनो को जेल भेज देगें कहकर धमकी देने लगा। तब मै बोला हम लोग आदिवासी समाज से है, घर में देवी देवता व अन्य कार्य के लिए थोड़ा बहुत महुआ शराब बनाते हैं। मुझे व मेरे पिता को मोबाईल पर कॉल करके जेल भेजने की धमकी से डरकर मै 10 हजार रूपएं लेकर भानुप्रतापपुर आया। तब वह व्यक्ति मुझे पुनः फोन कर बोला कि मै नहीं आ रहा हूं। मेरा आदमी आएगा तुम भानुप्रतापपुर स्टेट बैंक के पास मिलना और उसे पैसा दे देना। तब शाम लगभग साढ़े 5 बजें एक आदमी स्टेट बैंक भानुप्रतापपुर के पास मुझे मिला, जिसे मै 10 हजार रूपएं नगद दिया। उस आदमी को मै नहीं पहचानता, दोबारा देखने से पहचान लूंगा। फिर 23 अक्टूबर को फोन आया और कहा कि मुझे एसआई वर्मा साहब ने बाकी पैसा लेने बोला है, मुझे थाना के सामने बुलाया। तब मै सुबह लगभग साढ़े 10 बजें थाना के सामने आया और मेन रोड के किनारे में 10 हजार रूपएं नगद दिया। जिसे मैं पैसा दिया वह दूसरा आदमी था। उस आदमी को भी मै नहीं जानता हूं। उसी दिन शाम लगभग 6 बजें तामेश गावड़े मेरे घर के पास मिला। तो मैने तामेश गावड़े से बातचीत कर पूछा कि मेरे खिलाफ थाने में कोई शिकायत किए हो क्या। तब तामेश गावड़े ने बताया गया कि मै आपके खिलाफ कोई शिकायत नहीं किया हूं। उसके बाद 25 अक्टूबर को मेरे बड़े भाई शंभू लाल कोला के मोबाईल पर फोन आया और बोला कि तुम्हारे खिलाफ भी शिकायत हुआ है, तुम भी 10 हजार रूपएं दे दो नहीं तो तुझे भी तेरे परिवार के साथ जेल भेजवा देंगे। तामेश से बात होने तथा मेरे बड़े भाई को फिर से पैसों के लिए धमकाने से मुझे शक हुआ कि कोई मुझे एवं मेरे परिवार को डरा धमकाकर पुलिस होने की झूठी धमकी देकर राशि की ठगी कर रहा है और खुद को एसआई बताकर हमें डरा धमकाकर अपने आप को फर्जी पुलिस बताकर 20 हजार रूपएं को बेईमानी पूर्वक धोखाधड़ी कर ठगी किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3 (5), 318 (4), 319 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पंचायतों के अधूरे कार्य और जल जीवन मिशन से सरपंच परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



टाउन हॉल में जिला स्तरीय सरपंच संघ की बैठक में ग्राम स्तर पर अधूरे निर्माण कार्य, जल जीवन मिशन निर्माण कार्य में सीएसआर मद निश्चित करने एनएमडीसी में स्थानीय लोगों की भर्ती सहित सरपंचों के मानदेय बढ़ाने उन्हें पेंशन प्रदान किए जाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई । जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायत से आए सरपंच,जिला पंचायत सदस्य, संघ के पदाधिकारियों ने अपने विचारों को रखा। सरपंच संघ ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि आगामी दिनों में विभिन्न ग्राम पंचायत में अधूरे कार्य, रोजगार, स्थानीय भर्ती एवं अन्य विषयों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में आवासीय योजना को लेकर प्रदान की जाने वाले राशि बढ़ाए जाने, नल जल योजना जल जीवन मिशन के रुके कार्य, एनएमडीसी एवं अन्य रोजगार हेतु स्थानीय भर्ती को प्राथमिकता देने जैसे विषय पर अहम चर्चा हुई । वहीं पंचायत से जुड़ी अन्य समस्या पर भी चर्चा हुई। इस दौरान सरपंच संघ जिलाध्यक्ष रैदू नाग,सचिव भरत कश्यप, उपाध्यक्ष दशमी कश्यप,संतोषी मौर्य,दुर्गावती नाग,गोपाल कश्यप, संतोष कश्यप,ब्लाक अध्यक्ष पीलाराम कश्यप, सीताराम मण्डावी,सुनिल कश्यप,लिबरू नाग,डोमू कश्यप, सहित सभी ब्लॉक के उपस्थित थे।

## साडगुड़ साप्ताहिक बाजार की स्थिति बदहाल वसूली नियमित पर सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनपद पंचायत जगदलपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत साडगुड़ में हर गुरुवार, रविवार और मंगलवार को बाजार लगता है। आसपास के कई गांवों से व्यापारी और ग्रामीण अपनी रोजमर्रा की वस्तुएं बेचने और खरीदने आते हैं। यहां सब्जी, मछली, मुर्गा, अनाज, कपड़ा और घरेलू सामानों की दुकानें सजी रहती हैं। यह बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है लेकिन इसकी स्थिति बेहद खराब है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत नियमित रूप से वसूली करती है लेकिन बाजार स्थल की मूलभूत सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बाजार परिसर में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है जिससे गर्मी में लोग परेशान रहते हैं। कई बार छोटे व्यापारी और ग्राहक खुद अपने साथ पानी लेकर आते हैं। बिजली और रोशनी की व्यवस्था भी नदारद है जिसके कारण शाम के बाद पूरा बाजार अंधेरे में डूब जाता है। मछली और मुर्गा बेचने वाले, बोबो बनाने वाले तथा सब्जी व्यापारी रोशनी के अभाव में परेशान रहते हैं। इसके साथ ही बाजार स्थल की सफाई व्यवस्था भी लचर है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, नालियां जाम पड़ी हैं और दुर्गंध से खरीदारों का वहां रुकना मुश्किल हो जाता है। बाजार खत्म होने के बाद भी सफाई नहीं होती जिससे संक्रमण और मच्छरों की समस्या बढ़ रही है।

# सामाजिक एकता और सामूहिक संस्कृति का छठ महापर्व में होता है अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 127 वें एपिसोड की शुरुआत छठ महापर्व की शुभकामनाओं के साथ करते हुए कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति, प्रकृति और समाज के गहरे संबंध का प्रतीक है। छठ घाटों पर समाज के हर वर्ग का एक साथ खड़ा होना भारत की सामाजिक एकता और सामूहिक संस्कृति का सुंदर उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने गुजरात के धोलेरा तट पर मैनग्रोव रोपण की पहल का उल्लेख किया। गुजरात वन विभाग ने पांच वर्ष पूर्व यह मुहिम शुरू की थी और आज धोलेरा तट पर साढ़े तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मैनग्रोव फैल चुके हैं। यह कार्य समुद्री तटीय संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने भारतीय नस्ल के श्वानों को अपनाने की चर्चा की और बताया कि बीएसएफ व सीआरपीएफ ने अपने दस्तों में भारतीय नस्ल के श्वानों की संख्या बढ़ाई है। ये श्वान भारतीय परिस्थितियों में बेहतर ढलते हैं और आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करते हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल को आधुनिक भारत की महान विभूतियों में से एक बताया और देशवासियों से आग्रह किया कि 31 अक्टूबर को सरदार साहब की जयंती पर होने वाली रन फॉर यूनिटी में भाग लें, ताकि देश में एकता और अखंडता की भावना और सशक्त हो। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि 7 नवम्बर को वन्देमातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होंगे। यह गीत माँ भारती की भक्ति और एकता का शाश्वत प्रतीक है। अंबिकापुर में चल रहे अनोखे गार्बेज कैफे की सराहना की। यहाँ प्लास्टिक कचरा लाने पर भोजन या नाश्ता दिया जाता है। एक किलो प्लास्टिक पर पूरा भोजन और आधा किलो प्लास्टिक पर नाश्ता मिलता है। यह पहल अंबिकापुर नगर निगम द्वारा संचालित है और इसका उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त शहर बनाना है। मन की बात का यह कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष गौतम उइके तथा शक्ति केंद्र प्रभारी एवं मंडल कोषाध्यक्ष जीवराखन सलाम की अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के संदेशों को विस्तार से सुना और आत्मसात किया गया। कार्यक्रम के अंत में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी अपनाओ, स्वदेशी को प्रचारित करो की तर्ज पर उपस्थित सभी लोगों से संकल्प पत्र भरवाया गया तथा सामूहिक शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, हेमंत अमिला, विजय शोरी, कीर्तन साहू, अशोक खस, सनी जैन, संजय भूआर्य, धनराज यादव, राजेन्द्र सलाम, चैतराम महला, खोरबाहरा उइके, जगन्नाथ महला, विनय पांडे, विजय शेट्टी, योगेश अमिला, सियाराम कल्लो, संतोष यादव, सुमित पटेलिया, सागर पटेलिया, शुकलू राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहें।

■ भानुप्रतापपुर में पीएम की सुनी गई मन की बात, भाजपाइयों में दिखा उत्साह



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411